हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़, 5 आरोपी गिरफ्तार

25 हजार नकद जब्त, युवती की संलिप्तता वाले अपराधों का बढ़ता शिवपुरी में ग्राफ, देहात पुलिस की बड़ी सफलता

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 10 फरवरी। क्राइम पेट्रोल और सावधान इंडिया जैसे नाटकों में उजागर साइबर अपराध अभी तक महानगरों में ही फलीभूत हो रहे थे किंतु अब ऐसे साइबर संबंधित अपराध शिवपुरी जैसी छोटी जगह पर भी अपने पैर पसारने लगे है जो पुलिस महकमे सहित जागरूक जनप्रतिनिधियों को चिंता का विषय होना चाहिए। यदि समय रहते इस प्रकार के अपराधों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो तकनीकी रूप से ठगी के ये मामले पूरे समाज को डुबो सकते है। ऐसे ही एक मामले का शिवपुरी देहात थाना प्रभारी जितेंद्र मावई और उनकी टीम ने राजफाश किया है और इसमें संलिप्त एक युवती और लड़कों को अपनी गिरफ्त में लिया है।

जानकारी के अनुसार जिला पुलिस शिवपुरी के देहात थाना क्षेत्र में पुलिस ने हनी ट्रैप के एक संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी जितेन्द्र मावई को शिकायत मिली कि कुछ आरोपियों द्वारा एक युवक को झांसे में लेकर उससे मारपीट कर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे वसूले गए थे। इस पर थाना प्रभारी जितेंद्र मावई ने बताया कि फरियादी आदित्य जैन उम्र 26 वर्ष निवासी बदरवास ने 1 फरवरी 2026 को थाना देहात शिवपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी के मोबाइल पर 26 जनवरी को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाली युवती ने अपना नाम अंजली बताया और दोस्ती का प्रस्ताव रखा। बाद में मिलने के बहाने फरियादी को बुलाया गया, जहां आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 1 लाख 5640 रुपये की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई।

साइबर सेल की सहायता से मोबाइल नंबरों की तकनीकी जांच की गई, जिसके बाद आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

यह आरोपी हुए गिरफ्तार

देहात थाना प्रभारी जितेन्द्र मावई के द्वारा की गई इस कार्यवाही में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया इन गिरफ्तार आरोपियों में कल्पना रजक उर्फ अंजली उम्र 23 वर्ष, राजा ओझा उम्र 21 वर्ष, विकास रावत उम्र 19 वर्ष, चंद्रपाल धाकड़ उम्र 40 वर्ष, पवन रावत उम्र 25 वर्ष सभी निवासी शिवपुरी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 25,000 नकद बरामद किए हैं। प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। बता दे कि कुछ समय पूर्व देहात थाना पुलिस बल द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए नशीले पदार्थ की बड़ी तस्करी को भी पकड़ा था। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक जितेंद्र मवाई, एस आई योगेंद्र सेंगर साइबर सेल एवं पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

4.75 लाख करोड़ का आंकड़ा पार करेगा बजट

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 10 फरवरी. वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य सरकार का बजट 4 लाख 75 हजार करोड़ रुपए के आंकड़ को पार कर सकता है. बजट में पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग 15 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है.

वहीं, राजकोषीय घाटे को सरकार 4.50 फीसदी के दायरे में लाने की कोशिश करेगी. राज्य सरकार का बजट 18 फरवरी को विधानसभा में पेश होगा. इससे एक दिन पहले मप्र का आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश होगा. नए वित्तीय वर्ष के बजट को लेकर मंगलवार को मंत्रालय में पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने प्रेजेंटेशन दिया गया, बाद में पूरी कैबिनेट के सामने अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी ने प्रेजेंटेशन दिया. ये प्रजेंटेशन लगभग एक घंटे तक चला. इस दौरान सभी विभागों से जुड़ी प्रावधानों के बारे में बताया गया. मौजूदा वित्तीय वर्ष का बजट 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का है. इस हिसाब से देखें तो नये बजट में कम से कम 54 हजार करोड़ से

वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर सीएम के सामने दिया गया प्रेजेंटेशन

अधिक की बढ़ोतरी होगी. बजट में सबसे अधिक राशि का प्रावधान यदि किसी एक योजना के लिए होगा तो वह मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना होगा, जिसके लिए इस बार राज्य सरकार 21 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि का प्रावधान करेगी. इसी तरह एक बार फिर जल जीवन मिशन के लिए भारी-भरकम राशि का इंतजाम करने की जिम्मेदारी भी राज्य सरकार के कंधे पर होगी,

मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड और मोतियाबंद ऑपरेशन सुविधाएं हो प्रारंभ : प्रहलाद भारती

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 10 फरवरी। मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड और मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधाएं शुरू करने के लिए पूर्व विधायक व पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्रहलाद भारती ने उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल से श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय शिवपुरी में इन महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव है, जिससे क्षेत्र के मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्व विधायक भारती ने स्वास्थ्य मंत्री से अनुरोध किया कि शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में जल्द से जल्द सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड मशीनें स्थापित की जाएं और मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं के शुरू होने से क्षेत्र की जनता को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। विधायक ने यह भी बताया कि शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में इन सुविधाओं की शुरुआत से न केवल मरीजों को राहत मिलेगी। यहां के छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण का बेहतर अवसर मिलेगा। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से इस मामले को प्राथमिकता देने और जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाने की अपील की है, ताकि शिवपुरी और आसपास के क्षेत्रों की जनता को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

आस्था का शंखनाद — कल सजेगा 'अयोध्या नगरी' का दरबार, शुरू होगा पंचकल्याणक महाकुंभ

दिनेश कुमार झा

खनियांधाना 10 फरवरी। बुंदेलखंड की धर्मधरा खनियांधाना में कल, 11 फरवरी से श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम होने जा रहा है। मुनि पुंगव 108 श्री सुधासागर जी महाराज एवं मुनि 108 श्री निरापद सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में बहुप्रतीक्षित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं त्रयगजरथ महोत्सव की समस्त मांगलिक क्रियाएं गाजे-बाजे के साथ प्रारंभ होंगी।

महोत्सव समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र जैन मोदी, मीडिया प्रभारी संजीव जैन चौधरी और सहसंयोजक प्रवीण जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार, 11 फरवरी को दैवज्ञ गुरु आज्ञा के साथ श्रीजी की भव्य भविष्यवाणी एवं घटयात्रा का शुभारंभ होगा। यह वैभवशाली यात्रा हाथी, घोड़े, बग्गी और ढोल-नगाड़ों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल 'अयोध्या नगरी' (हाई स्कूल ग्राउंड) पहुँचेगी। दोपहर में मंत्रोच्चार के बीच 'अयोध्या नगरी' का भव्य उद्घाटन, ध्वजारोहण और मंडल वेदी शुद्धिकरण के साथ पंचकल्याणक की मुख्य क्रियाएं शुरू हो जाएंगी।

गर्भकल्याणक और सांस्कृतिक संध्या का आकर्षण प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया सुयश (अशोकनगर) के निर्देशन में इसी दिन गर्भकल्याणक के मांगलिक अनुष्ठान भी संपन्न होंगे। सुबह मुनिश्री की ज्ञान वर्षा के बाद दोपहर में याग मंडल विधान होगा। रात्रि में अयोध्या नगरी में महाराजा नाभिराय का दिव्य दरबार सजेगा, जिसमें अष्टकुमारियों द्वारा माता की सेवा के मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही, सत्येंद्र शर्मा एंड पार्टी द्वारा विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। समिति ने सभी धर्मप्रेमियों से इस ऐतिहासिक महोत्सव के पहले दिन बड़ी संख्या में पहुँचने की अपील की है।

एसडीएम, एसडीओपी तथा डीईओ ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

पिछोर(शिवपुरी)10 फरवरी। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी की परीक्षाओ का आगाज 10 फरवरी

सुरक्षा और इंतजामात के बीच बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ

मंगलवार से अंग्रेजी विषय के साथ हो गया है इस क्रम में आज हाई सेकेंडरी स्कूल के अंग्रेजी प्रश्न पत्र को छात्रों द्वारा हल किया गया जानकारी के अनुसार पिछोर विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद गुप्ता द्वारा

जानकारी देते हुए बताया गया कि पिछोर विकास खंड में हाई सेकेंडरी के 9 परीक्षा केंद्र तथा हाई स्कूल के 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनकी निगरानी हेतु कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी द्वारा अलग-अलग दल नियुक्त किए गए हैं इस क्रम में आज एसडीएम पिछोर ममता शाक्य एसडीओपी प्रशांत शर्मा तथा जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव सहित पिछोर थाना प्रभारी श्रीमती नीतू सिंह द्वारा परीक्षा केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के साथ-साथ अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया जिसमें हाई सेकेंडरी के अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र में कुल 1643 छात्र में से 1611 छात्र उपस्थित रहे और 32 छात्र अनुपस्थित रहे मंगलवार की आयोजित परीक्षा में शांतिपूर्ण माहौल रहा वहीं कहीं से किसी तरह की कोई कार्रवाई की जानकारी नहीं आई प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर बैठक व्यवस्था लाइट पानी तथा अन्य व्यवस्थाएं की गई थी इसके अलावा प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पर्यवेक्षक दिखाई दिए वहीं परीक्षा केंद्रों पर पुलिस व्यवस्था भी पर्याप्त दिखाई दी साथ ही कलेक्टर प्रतिनिधि उपस्थित दिखाई दिए ज्ञात हो कि हाई सेकेंडरी परीक्षाएं 10 फरवरी से प्रारंभ होकर 7 मार्च तक तथा हाई स्कूल की 17 फरवरी से 6 मार्च तक एक ही पारी में सुबह 9 से 12 बजे तक संचालित होगी।

दुष्कर्मी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

छिंदवाड़ा. मासूम बालिका के साथ दुष्कृत्य करने के मामले में आज न्यायालय ने अपना फैसला सुनते हुए दुष्कर्मी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाया है. घटना 25 जून 2025 के दोपहर करीब 12 बजे की बात है मासूम बालिका के पिता मजदूरी करने गये थे और मां घर में नहीं थी फिर जब मां वापस घर आयी तब मां ने देखा कि उसकी 4 साल की बेटी घर पर नहीं है तब मोहल्ले वालों ने बताया कि आरोपी दुर्गेश लड़की को डेम तरफ लेकर गया है तब बालिका की मां तुरंत डेम पहुंची वहा देखा कि लोगों की भीड़ लगी थी और बालिका बहुत रो रही थी. उसके साथ दुष्कर्म हुआ था.

ट्रेनों में टिकट चेकिंग अभियान

भोपाल. भोपाल रेल मंडल के वाणिज्य विभाग ने वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक दस माह अप्रैल से जनवरी तक टिकट जांच के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले एवं बिना बुक गये सामान सहित कुल 5,19,949 मामलों से 33.19 करोड़ रुपये अर्जित किये.

डिमांड नोटिस

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त एक्ट) की सेक्शन 13(2) के तहत जो सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) के सहपठित है. उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (12) के तहत प्रदान अधिकारों के पालन में आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि.) के प्रा. अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी की है व देनदारों को उन्हें जारी डिमांड नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा है. उक्त से संबंधित, देनदारों को एक बार फिर इस नोटिस प्रकाशन से 60 दिनों में भुगतान तिथि तक डिमांड नोटिस तिथि से आगे ब्याज सहित निम्न कथित राशि का भुगतान करने की नोटिस दी जाती है. देनदारों के वितरण डिमांड नोटिस तिथि पर बकाया राशि व लोन राशि के भुगतान के प्रति प्रस्तुत सिक्योरिटी के विवरण निम्न हैं-

देनदारों/गारंटरों का नाम	डिमांड नोटिस तिथि व राशि	सिक्योर्ड एसेट विवरण (अचल संपत्ति)
श्री भोलानाथ सिंह श्रीमती गायत्री देवी (प्रॉस्पेक्ट नं. 925849)	3-फरवरी-2026 रु. 931195/- (रु. नौ लाख इकतीस हजार एक सौ पिंच्यानवे मात्र)	प्रॉपर्टी का वह पूरा हिस्सा जो इस प्रकार है- प्लॉट नंबर 36, सर्वे नंबर 1697, 1700, 1701, 1702, 1729 और 1731 में से, वार्ड नंबर 38, अयोध्या नगरी, चिराइयों का पुरा कोटा, लश्कर, हल्का नंबर 66, ग्वालियर, 474001 एरिया नाप (Sq. Ft. में)- प्रॉपर्टी टाइप- एरिया नाप प्रॉपर्टी एरिया- 1100

यदि उक्त देनदार आईआईएफएफ एचएफएल को उक्त भुगतान नहीं करते हैं तो वह देनदारों के पूरी तरह से जोखिम, लागत व नतीजों पर उक्त एक्ट की सेक्शन 13(4) व लागू नियमों के तहत उक्त सिक्योर्ड एसेट के विरुद्ध कार्यवाही कर सकते हैं. विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी, ब्रांच आफिस- डी-1, ग्राउंड फ्लोर, बसंत विहार, ग्वालियर-474002/या कार्पोरेट ऑफिस: आईआईएफएल टॉवर, प्लाट नं. 98, उद्योग विहार, फेस-IV, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान: ग्वालियर
दिनांक: 11.2.2026

प्रा. अधिकारी
कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

दो और जिंदगियां बुझीं, आंकड़ा पहुंचा 35

नव भारत न्यूज

इंदौर, 10 फरवरी. भागीरथपुरा में गंदे और दूषित पानी का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा. सोमवार रात एक बुजुर्ग और मंगलवार सुबह एक मासूम बच्ची की मौत के साथ इस त्रासदी में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 35 तक पहुंच गई है.

जिससे इलाके में दहशत और आक्रोश दोनों चरम पर हैं. प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात 75 वर्षीय शालिग्राम ठाकुर ने बॉम्बे हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया था, परिजनों ने बताया कि 2 जनवरी को उल्टी-दस्त की गंभीर हालत में उन्हें पहले शेल्बी अस्पताल और फिर बॉम्बे हॉस्पिटल रेफर किया था, जहां वे लंबे समय तक वेंटिलेटर पर रहे, करीब 12 दिन पहले छुट्टी मिलने के बाद घर लौटे थे, लेकिन हालत फिर बिगड़ती चली गई.

शालिग्राम की बेटी मोना बघेल का कहना है कि उनके पिता को वर्षों पहले लकवा जरूर हुआ था, लेकिन इसके अलावा कोई गंभीर बीमारी नहीं थी. अचानक उल्टी-दस्त के बाद से ही तबीयत बिगड़ी और वे संभल नहीं सके. वहीं अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि मरीज को पहले से हृदय संबंधी समस्या थी. इधर मंगलवार तड़के करीब 4:30 बजे दो साल की मासूम रिया ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. परिजन बताते हैं कि 27 दिसंबर को उल्टी-दस्त से बीमार होने पर उसे निजी अस्पताल में दिखाया था, जहां कुछ सुधार हुआ, लेकिन बाद में हालत फिर बिगड़ गई. करीब 15 दिन पहले बच्ची को नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने लिवर से जुड़ी गंभीर परेशानी बताई. बाद में सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल रेफर किया गया.

अधिकारी की ईडी ने की संपत्ति अटैच

निगम के राजस्व अधिकारी परमार पर हुई कार्रवाई

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम के सहायक राजस्व अधिकारी की ईडी ने संपत्ति अटैच करने की कारवाई की है. निगम अधिकारी के खिलाफ एक साल पहले आर्थिक अपराध शाखा में प्रकरण दर्ज हो चुका है. बताया जा रहा है कि ईडी ने मनी लांड्रिंग की धारा में 1 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति अटैच की है.

नगर निगम के झोन 16 पर पदस्थ रहे सहायक राजस्व अधिकारी राजेश परमार की प्रवर्तन निदेशालय ने 1 करोड़ 6 लाख की संपत्ति अटैच करने की कारवाई की है. परमार के खिलाफ पिछले साल आर्थिक अपराध शाखा ने भी

1 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति की अटैच

पहले ईओडब्ल्यू ने की थी कार्रवाई

भ्रष्टाचार का प्रकरण बनाया था, जिसमें उनको नौकरी से कुल आय 40 लाख रुपए बनती है. उनके पास 1 करोड़ 66 लाख से ज्यादा संपत्ति मिली है. संपत्ति में एक मकान, फ्लैट, एक प्लॉट, कृषि भूमि और 16 लाख का सोना बरामद किया गया था. सभी संपत्ति परमार के परिवार के सदस्यों के नाम दर्ज है. आर्थिक अपराध शाखा की कारवाई के आधार पर ही ईडी ने परमार की संपत्ति अटैच की है. ईडी ने परमार के खिलाफ भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग की धारा में प्रकरण बनाया है.

कब्जे की सूचना - (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL द्वारा यहां उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज सहित प्रभारित किया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" की बकाया राशि, सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां "IIFL HFL" द्वारा बेची या हस्तांतरित नहीं की जाएंगी और सुरक्षित संपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "IIFL HFL" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)	कुल बकाया बकाया राशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री देवेंद्र एलिया, देवेंद्र एलिया, श्रीमती ज्योति एलिया (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10042459 और IL10052779)	संपत्ति 1: प्लॉट सं. A-27 और A-28 (भाग), जो सर्वे सं. 447, ग्राम जगनाप, तह. और जिला- ग्वालियर, म.प्र., भारत, पिन सं. 474003 का हिस्सा है। क्षेत्र. (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमिक्षेत्र, कालीनक्षेत्र, निर्मित क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्र.: 1960.00, 1146.00, 1200.00 संपत्ति 2: प्लॉट सं. A-16 और A-17 पर बना मकान, सर्वे सं. 447, ग्राम जगनापुरा, वार्ड संख्या 7, ग्वालियर, मध्य प्रदेश, भारत, 474003। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र का अतिरिक्त क्षेत्रफल। संपत्ति का क्षेत्रफल: 1530.00, 1147.00	रू. 2809113/- अट्ठाईस लाख नौ हजार एक सौ तेरह मात्र IL10042459 के लिए और रू. 1568212/- पंद्रह लाख अड़सठ हजार दो सौ बारह मात्र IL10052779 के लिए	03-11-2025	06/02/2026

अधिक जानकारी के लिए, कृपया शाखा कार्यालय: डी-1, भूतल, बसंत विहार, ग्वालियर - 474002, मध्य प्रदेश या कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट नंबर 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुरुग्राम, हरियाणा में अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थान: ग्वालियर
दिनांक: 11.02.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।

डीएसपी अवनीत शर्मा को दी भावभीनी विदाई, श्योपुर जिले के बड़ौदा अनुभाग में हुई नई तैनाती

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 10 फरवरी। अपनी वेस्ट पुलिसिंग के लिए पूरे मध्यप्रदेश में पहचाने जाने वाले खाकी के रक्षक और सत्य वचन सेवा के मार्ग पर चलने वाले अजाक एवं महिला प्रकोष्ठ शिवपुरी के डीएसपी अवनीत शर्मा ने अपने शिवपुरी में नियुक्ति के दौरान खाकी का सम्मान बढ़ाने में हमेशा अपना विशेष योगदान दिया है। इसके साथ-साथ अनुसूचित जाति जनजाति समाज के पीड़ित लोगों और घरेलू हिंसा से प्रताड़ित महिलाओं के लिए न्याय दिलाने हेतु डीएसपी अवनीत शर्मा अपनी विशेष कार्य शैली के चलते पूरे जिले में अपनी विशेष पहचान बनाने में सफल साबित रहे। जब भी कोई गहन

महिला उत्पीड़न और अनुसूचित जाति के पीड़ितों को हमेशा न्याय दिलाने का किया प्रयास

जांच करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अफसरों को आवश्यकता पड़ती तो डीएसपी अवनीत शर्मा उन चुनिंदा अधिकारियों में शुमार थे

जो सटीक विवेचना करने के लिए पूरे ग्वालियर संभाग में अपनी विशेष पहचान रखते हैं। हाल ही में उनका स्थानांतरण शिवपुरी से श्योपुर जिले के बड़ौदा अनुविभाग में हो गया है। अपने स्थानांतरण के बाद भी लगातार अवनीत शर्मा जब तक रिलीव नहीं हुए तब तक निरंतर भी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहे। मंगलवार को सीएसपी संजय चतुर्वेदी सहित अजाक थाने के पूरे स्टाफ ने डीएसपी अवनीत शर्मा को भावभीनी विदाई दी।

सभी ने माला पहनकर शॉल श्रीफल भेंटकर उनके स्वर्णिम कार्यकाल पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूरे स्टाफ की आंखें नम थीं और उन्होंने भारी मन से अपने अधिकारी डीएसपी अवनीत शर्मा को भावभीनी बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
Office of The General Manager (City) Circle Gwalior, Roshnighar, Inderganj, Gwalior-474009
Tel. : 0751-2448207, 0751-2448276, E-mail : secitygwalior1@gmail.com
GM/CC/GWL/PUR/25-26/11869 Gwalior, Dated : 09.02.2026

TENDER NOTICE

MPMKVVCL hereby invites E-Tenders for hiring the below mentioned type of vehicles in the following locations :-

Name of Unit/ Office	Particulars	Tender Fee (In Rs.)	EMD (In Rs.)	Date & Time of Opening of Bids Online
Office of The General Manager (City Circle) GWALIOR	**Type D :** Premium Air-conditioned Car/Premium Air conditioned SUV with min. engine capacity 1150 CC (Petrol/Diesel) with Airbags, ABS	500/- + GST @ 18% Extra	3000/-	18.02.2026 at 15:00 pm

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/124419/2026 **GENERAL MANAGER (CITY)**